(b) The Government views such incidents with concern. The information regarding damage caused is being collected and will be laid on the Table of the House.

1984 के दंगों की जांच

2932. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1984 के दंगों के संबंध में हलफनामों की जांच करने वाली जैन-अग्रवाल समिति ने कई हलफनामों को आगे जांच के लिए दिल्ली प्रशासन को भेजा है, और यदि हां, तो आगे जांच के लिए दिल्ली प्रशासन को अब तक प्राप्त हुए ऐसे हलफनामों की संख्या कितनी है ;

(ख) क्या दिल्ली प्रशासन ने इन मामलों की आगे जांच का कार्य विभिन्न एजेंसियों को सौंप दिया है, और यदि हां, तो उन एजेंसियों के नाम क्या-क्या हैं तथा प्रत्येक एजेंसी को सौंपे गए मामलों की संख्या कितनी-कितनी है और क्या अंतिम रिपोर्ट भेजने के बारे में कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ग) कितने मामलों में अक्तूबर, 1991 तक जांच पूरी कर ली गयी थी ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) से (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

राजीव गांधी की हत्या

2933. **श्री अजीत जोगी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में की जा रही जांच के संबंध में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ;

(ख) अपराधियों का पता लगाने और इस हत्या के पीछे यदि कोई षडयंत्र हों तो उसका पता लगाने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(ग) दोनों आयोग की रिपोर्ट कब तक प्राप्त होने की संभावना है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) श्री राजीव गांधी की हत्या के बारे में मामले से संबंधित जांच पड़ताल के दौरान अभी तक 18 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। अनेक गवाहों से पूछताछ की गई और अनेक परिसरों की तलाशी की गई और महत्वपूर्ण बरामदगियां की गई हैं।

(ख) षडयंत्र का मुद्दा जांच-पड़ताल का मामला है। इसे भी न्यायमूर्ति श्री एम० सी० जैन की अध्यक्षता वाले जांच आयोग को भेजा गया है।

(ग) वर्मा-जांच आयोग द्वारा साक्ष्यों को दर्ज करने और मौखिक पूछताछ करने के कार्य के जल्दी ही पूरा किए जाने की संभावना है। उम्मीद है कि जैन जांच आयोग फरवरी, 1992 के अंत तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगा।

असम के उग्रवादियों को विस्फोटकों की सप्लाई

2634. **श्री अजीत जोगी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि असम के उग्रवादियों को बिहार के कोयला क्षेत्रों से विस्फोटक सामग्री सप्लाई की जा रही है ; और